संख्या- 35 /2026/CMG 92 /001-9-7099-302-2024

प्रेषक,

पारस नाथ,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्थानीय निकाय निदेशालय,
उ.प्र. लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-7 **लखनऊ : दिनांक 09-10-2026**

विषयः- सी0एम0 ग्रिड्स योजनान्तर्गत नगर निगम अलीगढ़ की 02 सड़कों के निर्माण कार्य हेतु द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

शासनादेश संख्या-39/2025/1414/001-9-7099-302-2024, दिनांक 27.03.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सी.एम. ग्रिड्स योजनान्तर्गत नगर निगम अलीगढ़ की 01 परियोजना **"वार्ड नं0 05, 09,12,17,22,36,57,58,62 में जी0टी0 रोड छर्रा अड्डा पुल से एटा चुंगी चौराहे होते हुए बौनेर कट तक सड़क का समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य"** हेतु प्रथम किश्त की धनराशि ₹2954.63 लाख एवं शासनादेश संख्या-31/2025/639/9-7099-287-2024, दिनांक 06.02.2025 द्वारा नगर निगम, अलीगढ़ की द्वितीय परियोजना **"वार्ड नं0 08,69 में रघुवीर पुरी में मेन रोड से श्री सत्यप्रकाश के आवास से फायर स्टेशन तक गेट के सामने तक सड़क का समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य।"** हेतु धनराशि ₹933.25 लाख प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गई।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि डिप्टी सी.ई.ओ. यूरिडा के पत्र संख्या-580/यूरिडा/31(2)/अलीगढ़/2025-26, दिनांक 25-09-2026 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त नगर निगम अलीगढ़ की निम्नांकित तालिका के कालम-2 में अंकित 02 सड़कों के विकास कार्य हेतु तालिका के कालम-4 में अंकित निविदा लागत के सापेक्ष कालम-5 में अंकित संशोधित राज्यांश एवं उसके सापेक्ष कालम-6 में अंकित द्वितीय किश्त की धनराशि उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 06.02.2025 एवं 27.03.2025 में वर्णित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि ₹ लाख में)

क्र.सं.	कार्य का नाम	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	निविदा अनुबन्ध की लागत	निविदा अनुबन्ध की लागत के आधार पर राज्यांश (90%) की धनराशि	राज्यांश की द्वितीय किश्त तक अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (कॉलम सं.-5 का 70 प्रतिशत)	शासन द्वारा अवमुक्त राज्यांश की प्रथम किश्त की धनराशि	निविदा अनुबन्ध लागत के आधार पर राज्यांश की द्वितीय किश्त के रूप में अवमुक्त की जाने वाली धनराशि [कॉलम सं. (6-7)]
1	2	3	4	5	6	7	6
1	वार्ड नं0 05, 09,12,17,22,36,57,58,62 में जी0टी0 रोड छर्रा अड्डा पुल से एटा चुंगी चौराहे होते हुए बौनेर कट तक सड़क का समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य।	9379.78	8924.09	8031.68	5622.17	2954.63	2667.54
2	वार्ड नं0 08,69 में रघुवीर पुरी में मेन रोड से श्री सत्यप्रकाश के आवास से फायर स्टेशन तक गेट के सामने तक सड़क का समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य।	2962.70	2698.28	2428.45	1699.91	933.25	766.66
कुल योग		**12342.48**	**11622.37**	**10460.13**	**7322.08**	**3887.88**	**3434.20**

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 34,34,20,000 (रुपये चौंतीस करोड़ चौंतीस लाख बीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 037 **लेखा शीर्षक** 2217058001100 मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम(अर्बन) (सीएम-ग्रिड्स) **मानक मद** 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक- 28-मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

Digitally signed by
PARAS NATH
Date: 09-10-2026 20:20:17

भवदीय,

(पारस नाथ)
अनु सचिव।

संख्या- 35 /2026/CMG 92 /001-9-7099-302-2024, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. सी.ई.ओ. यूरिडा लखनऊ।
3. नगर आयुक्त, नगर निगम अलीगढ़ उ.प्र.।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ, उ0प्र0।
5. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षक, उ0प्र0, प्रयागराज।
6. वित्त (व्यय नियंत्रक) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, 2
7. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,
पारस नाथ
अनु सचिव।